# कार्यालय अधिष्ठाता

## स्वशासी छिन्दवाड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस छिन्दवाड़ा (म.प्र.)

**E-mail – deanmedicalcollegechhindwara@gmail.com**

.................................................................................................................

**क्रमांक / स्था0 / विज्ञप्त / 2022**/3089 **छिंदवाड़ा दिनांक–** 29-03-2022

## Walk – In- Interview

संस्था में रिक्त पदों की पूर्ति की जाना है, मध्यप्रदेश शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्रालय का परिपत्र क्रमांक एफ 4–60 / 2017 / 55–2, भोपाल दिनांक 06–05–2017 / 12–05–2017 के द्वारा नवीन चिकित्सा महाविद्यालय छिन्दवाड़ा के लिए पद सृजित किये गये है। मध्यप्रदेश शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल के परिपत्र क्र. / 1 / 55 / 2018 भोपाल दिनांक 07–04–2018 के द्वारा "मध्यप्रदेश स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सकीय सेवा आदर्श नियम 2018" प्रतिस्थापित किया गया है।, नवीन सीधी भर्ती के प्रावधान किये गये है, जिनके तहत सीधी भर्ती की जाना है।

मध्यप्रदेश लोक सेवा अधिनियम 1994 (क्रमांक 21 सन् 1994) की धारा 13 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार एतद् द्वारा मध्यप्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गो के लिए आरक्षण) नियम 1998 में संशोधन दिनांक 19–08–2019 स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय छिन्दवाड़ा के माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय के अध्याधीन सीधी भर्ती द्वारा राज्य स्तरीय रोस्टर का पालन करते हुए सीनियर रेसीडेंट एवं जूनियर रेसीडेंट के रिक्त पदों की पूर्ति की जाना है, ऐसे अभ्यार्थी जो कि शासन एन.एम.सी. द्वारा निहित अर्हताएं पूर्ति करते हो, इस हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। समस्त प्रवर्गो के आवेदक आवेदन शुल्क प्रत्येक पद हेतु रूपये 1000 / – (शब्दों मे रूपये एक हजार मात्र / –) अधिष्ठाता, छिन्दवाड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, छिन्दवाड़ा के खाते मे जमा कर उसकी रसीद आवेदन पत्र के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करे।

| Account Details | |
|---|---|
| A/c Holder | Dean Chhindwara Institute of Medical Sciences, Chhindwara |
| Bank Name | State Bank of India Circular Road Dist. Chhindwara Madhya Pradesh |
| A/c No | 37739004173 |
| IFSC | SBIN0000348 |

छिन्दवाड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, छिन्दवाड़ा (म.प्र.) में सीनियर एवं जूनियर रेसीडेंट के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु निर्धारित चयन प्रकिया के आधार पर साक्षात्कार (**Walk– In-Interview)** आयोजित किया जा रहा है। इच्छुक आवेदक अपनी उपस्थिति छिन्दवाड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस छिन्दवाड़ा (म.प्र.) में दिनांक 29.03.2022 से हर सप्ताह सोमवार से शुक्रवार निरंतर अपने समस्त अभिलेखों / प्रमाण पत्रों की मूल प्रति तथा अभिप्रमाणित छायाप्रतियों सहित कार्यालयीन समय में अधिष्ठाता कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

सीनियर रेसीडेंट पदों का विवरण विभागवार निम्नलिखित है।

| क्रमांक | विषय | रिक्त | आरक्षण रोस्टर सीनियर रेसीडेंट | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | EWS | OBC | ST | SC |
| 1. | जनरल मेडिसिन | 2 | - | - | 1 | 1 | - |
| 2. | टीबी एण्ड चेस्ट | 1 | 1 | - | - | - | - |
| 3. | स्किन्व्हीडी एण्ड लेप्रोसी | 1 | 1 | - | - | - | - |
| 4. | रेडियोडायग्नोसिस | 2 | 1 | - | 1 | - | - |
| 5. | फिजिकल मेडिसन एण्ड रिहेबलिटेशन | 1 | 1 | - | - | - | - |
| 6. | नेत्ररोग विभाग | 1 | 1 | - | - | - | - |
| 7. | अस्थिरोग विभाग | 2 | 1 | - | - | 1 | - |
| **कुल योग** | | 10 | 6 | - | 2 | 2 | - |

जूनियर रेसीडेंट पदों का विवरण विभागवार निम्नलिखित है।

| क्रमांक | विषय | रिक्त | आरक्षण रोस्टर जूनियर रेसीडेंट | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | EWS | OBC | ST | SC |
| 1 | जनरल मेडिसिन | 4 | 1 | - | 1 | 1 | 1 |
| 2 | पीडियाट्रिक्स | 3 | 2 | - | 1 | - | - |
| 3 | टीबी एण्ड चेस्ट | 2 | 1 | - | 1 | - | - |
| 4 | स्किन्व्हींडी एण्ड लेप्रोसी | 1 | 1 | - | - | - | - |
| 5 | जनरल सर्जरी | 6 | 2+1F | - | 1 | 1 | 1 |
| 6 | आर्थोपेडिक्स | 3 | 1 | - | 1 | 1 | - |
| 7 | ई0 एन0 टी0 | 2 | 1 | - | 1 | - | - |
| 8 | अप्थेल्मोलॉजी | 1 | - | - | 1 | - | - |
| 9 | स्त्री एवं प्रसूतिरोग | 3 | 1 | - | 1 | 1 | - |
| 10 | एनेस्थिसिया | 2 | 1 | - | 1 | - | - |
| 11 | फिजिकल मेडिसन एण्ड रिहेबलिटेशन | 1 | 1 | - | - | - | - |
| 12 | दंतरोग विभाग | 1 | 1 | - | - | - | - |
| 13 | रेडियोथेरेपी | 1 | 1 | - | - | - | - |
| **कुल योग** | | 30 | 15 | - | 9 | 4 | 2 |

- सीनियर रेसीडेंट का वेतन प्रतिमाह –रूपये 76,000/– देय रहेगा, एवं जूनियर रेसीडेंट को वेतन प्रतिमाह रूपये 53,000/– देय रहेगा।
- उक्त विज्ञापित पदों की आयु सीमा न्यूनतम 25 वर्ष एवं अधिकतम 62 वर्ष रहेगी।
  उपरोक्त चिन्हित पदों में SC = अनुसूचितजाति, ST = अनुसूचित जनजाति, OBC= अन्य पिछड़ा वर्ग, EWS = आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, F = महिला पद हेतु आरक्षित है।
- पदों की संख्या घटायी/बढ़ायी की जा सकती है।

**नियम एवं शर्ते सीनियर एवं जूनियर रेसीडेंट हेतुः–**

1. सीनियर एवं जूनियर रेसीडेंट की (Tenure) 3 वर्ष की अवधि होगी। इनकी प्रथमतः 1 वर्ष हेतु नियुक्ति की जायेगी। तत्पश्चात् सेवाएं संतोष जनक पाये जाने पर 1 वर्ष हेतु समय बढ़ाया जा सकेगा।
2. आवेदक की सेवाये किसी समय एक पक्ष द्वारा एक माह का नोटिस देकर या उसकी ऐवज में एक माह का वेतन तथा भत्ते का भुगतान किये बिना सेवा छोड़ने पर उक्त शर्तो पर एक माह का वेतन तथा भत्ते के बराबर देय राशि संबंधित व्यक्ति से भू–राजस्व की बकाया की भांति वसूली योग्य होगी।
3. यह नियुक्ति प्रथमतः 1 वर्ष के लिये होगी और उनका कार्य संतोष जनक पाये जाने पर एवं विभागाध्यक्ष द्वारा संतोष जनक कार्य की रिपोर्ट आने पर फिर 12 माह के लिये कार्यकाल बढ़ाया जायेगा। प्रत्येक 1 वर्ष हेतु अगर

किसी विभागाध्यक्ष द्वारा प्रतिकूल टिप्पणी प्राप्त होती है तो उस हालत में रेसीडेंट की नियुक्ति बिना किसी पूर्व सूचना के तत्काल प्रभाव से समाप्त करने का अधिकार अधिष्ठाता को होगा जिन चिकित्सकों की नियुक्ति इस प्रकार से समाप्त हो जाती है। उन्हें दोबारा आवेदन करने की पात्रता नहीं होगी।

4. इन चिकित्सकों को 01 वर्ष में 13 दिन के आकस्मिक अवकाश की पात्रता होगी। साथ ही उन्हे सप्ताह मे एक दिन का साप्ताहिक अवकाश की पात्रता होगी। साप्ताहिक अवकाश संचित नहीं किया जा सकेगा।
5. सीनियर एवं जूनियर रेसीडेंट की नियुक्ति में आरक्षण रोस्टर का पूर्णरूपेण पालन किया गया है।
6. सीनियर एवं जूनियर रेसीडेंट को निजी प्रेक्टिस की पात्रता नहीं होगी।
7. कार्य ग्रहण करने के पूर्व संस्था द्वारा गठित मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित होकर स्वयं के व्यय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराना होगा एवं परीक्षण संबंधी उपयुक्ता का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
8. नियुक्ति आदेश प्राप्त होने के उपरांत चयनित उम्मीदवार को **सात दिवस** के अंदर अपना कार्यभार ग्रहण करना होगा अन्यथा नियुक्ति आदेश स्वमेव निरस्त समझा जावेगा।
9. सीनियर एवं जूनियर रेसीडेंट को चिकित्सालय में आवश्यकता पड़ने पर आकस्मिक चिकित्सा सेवाये (सी0एम0ओ0 ड्यूटी) ली जावेगी।
10. यह नियुक्ति मध्यप्रदेश राज्य आरक्षण अधिनियम के परिपेक्ष्य में माननीय न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अधीन रहेगी।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी / अधिष्ठाता
छिन्दवाड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस,
छिन्दवाड़ा (म0प्र0)

**पृ0क्र. / स्था / विज्ञप्त / 2022 /** 3090-95 **छिंदवाड़ा दिनांक–** 29-03-2022

प्रतिलिपि :–**सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।**

1. प्रमुख सचिव, म0प्र0 शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग म0प्र0 भोपाल।
2. आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा म0प्र0 भोपाल।
3. आयुक्त, जबलपुर संभाग, जबलपुर की ओर।
4. संचालक, चिकित्सा शिक्षा भोपाल म0प्र0।
5. स्थानीय लेखा शाखा छिन्दवाड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस की ओर।
6. संस्था की बेबसाइट / सूचना पटल।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी / अधिष्ठाता
छिन्दवाड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस,
छिन्दवाड़ा (म0प्र0)